सं. ई-11014/13/2020-रा.भा.(का.)
भारत सरकार
पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
(राजभाषा प्रभाग)

छठा तल, जल विंग,
इंदिरा पर्यावरण भवन,
नई दिल्ली-110003

दिनांक : 27 अगस्त, 2025

**कार्यालय ज्ञापन**

**विषय: पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय में हिंदी माह-2025 के अवसर पर संयुक्त सचिव एवं राजभाषा प्रभारी महोदय की अपील।**

अपार हर्ष की बात है कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मंत्रालय में 01 सितंबर से 30 सितंबर, 2025 तक हिंदी माह मनाया जा रहा है जिसके अंतर्गत विभिन्न हिंदी प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जा रहा है।

2. इस पुनीत अवसर पर, संयुक्त सचिव एवं राजभाषा प्रभारी महोदय द्वारा की गई अपील मंत्रालय तथा इसके संबद्ध/अधीनस्थ कार्यालयों, आदि के कार्मिकों के लिए एतदद्वारा जारी की जाती है।

संलग्नक: यथोपरि।

**(उर्मिला हरित)**
**निदेशक (राजभाषा)**

सेवा में

1. पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के सभी अधिकारी/कर्मचारी।
2. पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के सभी क्षेत्रीय/संबद्ध/अधीनस्थ कार्यालयों के अधिकारी एवं कर्मचारी।
3. आई टी प्रभाग को इस अनुरोध के साथ कि वे इस कार्यालय ज्ञापन को ई-ऑफिस के नोटिस बोर्ड पर अपलोड करें।

सत्यजित मिश्रा
संयुक्त सचिव
SATYAJIT MISHRA
JOINT SECRETARY

सत्यमेव जयते

भारत सरकार
पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF ENVIRONMENT, FOREST
& CLIMATE CHANGE

## अपील

हर्ष की बात है कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी संघ की राजभाषा नीति का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए इस मंत्रालय में 01 सितंबर से 30 सितंबर, 2025 तक हिंदी माह का आयोजन किया जा रहा है।

यह हमारा संवैधानिक दायित्व है कि मंत्रालय में राजभाषा हिंदी के प्रगामी प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए हम कार्यालय का कार्य अधिकाधिक हिंदी में करें। राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम 2025-26 में निर्धारित लक्ष्यों का अनुपालन किया जाए। धारा 3(3) के अंतर्गत आने वाले सभी दस्तावेज अनिवार्य रूप से द्विभाषी रूप में जारी किए जाएं। हिंदी में प्राप्त सभी पत्रों के उत्तर हिंदी में दिए जाएं। फाइलों पर अधिकाधिक टिप्पणियां हिदी में लिखी जाएं।

हिंदी माह के दौरान, कार्मिकों के हिंदी के प्रति उत्साह एवं रुचि को बढ़ाने के लिए विविध विषयों पर हिंदी प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जा रहा है। आप सभी से अनुरोध है कि इन प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़ कर भाग लें।

साथ ही, मंत्रालय के सभी क्षेत्रीय/अधीनस्थ/संबद्ध कार्यालयों, आदि से अनुरोध है कि वे राजभाषा विभाग के निदेशों का अनुपालन करते हुए, अपने-अपने कार्यालयों में हिंदी दिवस/हिंदी पखवाड़ा/हिंदी माह का आयोजन सुनिश्चित करें और कार्मिकों को अपना सरकारी कामकाज हिंदी में करने के लिए प्रेरित एवं प्रोत्साहित करें।

नई दिल्ली
27 अगस्त, 2025

स. मिश्रा
(सत्यजित मिश्रा)

प्रथम तल, अग्नि विंग, इंदिरा पर्यावरण भवन, जोर बाग रोड़, नई दिल्ली-110003
दूरभाष: 011-20819232, फैक्स: 011-20819137, ईमेल : satyajit.mishra@nic.in
1st Floor, Agni-Wing, Indira Paryavaran Bhawan, Jor Bagh Road, New Delhi-110003
Tel.: 011-20819232, Fax : 011-20819137, E-mail : satyajit.mishra@nic.in